अर्पण है तुमको ये जीवन,
टूटे कभी ना, टूटे कभी ना,
मेरी लगन,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

तर्ज बहुत प्यार करते है।

मैं भूल जाऊँ पर तुम ना भुलाना,
मुझे याद रखना और याद आना,
रिश्ता ये टूटे ना, तू मुझसे रूठे ना,
हो जाऊं मगन,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

हृदय में तेरे नाम की ज्योत जगाई,
मोहनी मूरत तेरी मन में बसाई,
तेरा मेरा रहे नाता, तू ही मेरा पिता माता,
तुमको नमन,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

नाम तेरा मुझको लगता है प्यारा,
बन गया जीने का मेरा सहारा,
थोड़ी दया तू करदे, दूर अंधियारे करदे,
धन्य जनम,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

तुझ बिन मुझको कुछ भी ना भाये,
करूण पुकार मेरी तुमको बुलाये,
दर्शन तेरा हो जाए, मन मेरा नाचे गाए,
करो जतन,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

अर्पण है तुमको ये जीवन,
टूटे कभी ना, टूटे कभी ना,
मेरी लगन,
अर्पण है तुमको यें जीवन।।

Source: https://www.bharattemples.com/arpan-hai-tumko-ye-jeevan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw